शिक्षा की मुख्य धारा कार्यक्रम 2018-19 का संक्षिप्त विवरण

1. **परिचय (Introduction) :-** मदरसा शिक्षा के विकास एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों में शिक्षा के लोकव्यापीकरण के तहत केन्द्र प्रवर्तित मदरसा आधुनिकीकरण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दृष्टि से म.प्र. सरकार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 21 सितम्बर 1998 को विधान सभा में अधिनियम पारित कर म.प्र. मदरसा बोर्ड का गठन किया। मदरसा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य परम्परागत मदरसों को दीनी तालीम के साथ उनमें अध्ययनरत् विद्यार्थियों को म.प्र. शासन द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम अनुसार शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। अपने उद्देश्यों का विस्तार कर बोर्ड द्वारा सभी अल्पसंख्यक वर्गो के पिछड़े (Dropouts) बालक-बालिका, स्त्री-पुरूषों के लिये पूर्व माध्यमिक मुक्त परीक्षा कार्यक्रम का प्रस्ताव तैयार कर म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग भेजा जिस पर शासन द्वारा अनुमति प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का संक्षिप्त नाम '' शिक्षा की मुख्य धारा कार्यक्रम 2018-19 (Main Stream Program of Education (MPE)) '' रखा गया है।
2. **उद्देश्य (Purpose)** :- इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे अशिक्षित/अकुशल वर्ग स्वरोज़गार हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस कार्यक्रम का एक उद्देश्य यह भी है कि समाज के ऐसे सभी वर्गो को शिक्षा की मुख्य धारा में लाया जाकर राष्ट्रीय साक्षर भारत योजना में अपनी सहभागिता दर्ज कराई जा सके।
3. **लक्ष्य (Objectives) :-**
   - **a.** खुली शिक्षा पद्धति के माध्यम से तीनों माध्यम (उर्दू, हिन्दी एवं अंग्रेज़ी) में पूर्व माध्यमिक परीक्षा का आयोजन कराना।
   - **b.** शिक्षित समाज से पिछड़े हुये सभी वर्गो को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने के लिए इन परीक्षाओं में सम्मिलित कराना।
   - **c.** पूर्व माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र धारी युवक/युवतियों के स्वरोज़गार हेतु शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के प्रयास।
4. **टारगेट ग्रुप :-** म.प्र. मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा की मुख्य धारा कार्यक्रम 2018-19 (Main Stream Program of Education (MPE)) कार्यक्रम के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु से अधिक के ऐसे सभी वर्गो को सम्मिलित किया जाने हेतु प्रयास किया जाएगा जो किसी भी कारण से अपनी शिक्षा को निरंतर नहीं रख पाए है और अधिक आयु हो जाने के कारण नियमित रूप से स्कूल जाने में असमर्थ है तथा उनकी प्रतिभा के विस्तार में शिक्षा का अभाव रूकावट डाल रहा है।
5. केवल अल्पसंख्यक श्रेणी (मुस्लिम, सिक्ख, क्रिश्चन, जैन, पारसी, बौद्ध) के अभ्यार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। जिसमें आवेदक की आयु 01 जनवरी 2019 की स्थिति में 14 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है- इसका कोई प्रमाण हो तो संलग्न करें अथवा प्रमाण-पत्र नही होने की दशा में आयु के प्रमाणीकरण हेतु शपथ- पत्र संलग्न करें।
6. परीक्षार्थी का नाम हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में स्वच्छ सुलेख में भरना आवश्यक है। परीक्षा का माध्यम परीक्षार्थी द्वारा चुना जाएगा और उसी माध्यम में वह अपनी टीप लिखेगा।
7. पूर्व माध्यमिक परीक्षा के 06 विषय निर्धारित किये गये है इसमें 02 भाषाऐं एवं 04 विषय रहेंगे- विषय एवं भाषा का चयन माध्यम अनुसार इस प्रकार रहेगा-
   - a. Language-1 - **चयनित माध्यम अनुसार** (विशिष्ट भाषा कक्षा- 8 स्तर का पाठ्यक्रम)
   - b. Language-2 - **चयन अनुसार** (सामान्य भाषा कक्षा- 6 स्तर का पाठ्यक्रम)
   - c. Subject-1 - गणित (चयनित माध्यम अनुसार कक्षा- 8 स्तर का निर्धारित पाठ्यक्रम)
   - d. Subject-2 - विज्ञान (चयनित माध्यम अनुसार कक्षा- 8 स्तर का निर्धारित पाठ्यक्रम)
   - e. Subject-3 - सामाजिक-विज्ञान (चयनित माध्यम अनुसार कक्षा- 8 स्तर का निर्धारित पाठ्यक्रम)
   - f. Subject-4 - कम्प्यूटर विज्ञान (सामान्य भाषा में कक्षा- 8 स्तर पर आधारित)
8. तीन विषयों में अनुत्तीर्ण होने पर परीक्षार्थी को पूरक की पात्र होगी। समस्त विषयों में 33 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त होने पर ही उत्तीर्ण माना जायेगा। आवेदन पर परीक्षार्थी के ही हस्ताक्षर होना चाहिये जिसका मिलान परीक्षा केन्द्र पर किया जायेगा। आवेदन स्वच्छ और सुलेख भरें, अधूरे और त्रुटिपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिये जायेंगे।
9. आवेदन फार्म भरने के बाद निर्धारित शुल्क के साथ इस आवेदन को मदरसा बोर्ड के घोषित अध्ययन केन्द्र अध्ययन पर जमा करना होगा। उसके बाद अध्ययन केन्द्र संचालक इसे अपनी लॉगिन से ऑनलाईन सबमिट करेंगे। तभी आवेदन प्रक्रिया पूर्ण मानी जायेगी।
10. पूर्व माध्यमिक मुक्त (ओपन) मुख्य परीक्षा का शुल्क रू. 510/- निर्धारित रहेगा। इसमें पोर्टल चार्ज, अग्रेषण शुल्क, पंजीयन शुल्क, प्रश्न -पत्र निमार्ण/मुद्रण, उत्तर पुस्तिका, परीक्षा परिणाम प्रक्रिया, प्रमाण-पत्र एवं माईग्रेषन शुल्क इत्यादि सम्मिलित है।
11. आवेदन फार्म निरस्त होने पर शुल्क वापसी नही की जायेगी और न ही अगली परीक्षाओं में शुल्क समायोजन किया जायेगा।
12. आवेदक समय-समय पर बोर्ड की बेवसाईट **www.mpmb.org.in** पर परीक्षा संबंधी अपडेट्स देखते रहे एवं तदानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।
13. आवेदन फार्म में उपलब्ध कराये गये मोबाईल नम्बर पर बोर्ड की रजिस्टर्ड **SMS-ID- 'MBOARD'** के माध्यम से **SMS** भेजे जायेंगे उनको अवश्य देखें एवं पालन करें।
14. किसी भी कठिनाई हेतु अभ्यार्थी कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 0755-2737362, 2735931 एवं 2731677 पर संपर्क कर सकते है।

मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड

तालीम-घर, इस्लामी गेट, शाहजहानाबाद, भोपाल- 462001 (म.प्र.)

पूर्व माध्यमिक मुक्त परीक्षा आवेदन

शुल्क रू. 510/-

आवेदन करवाने वाले मदरसे का पंजीयन क्रमांक- ....

1 प्रथम भाषा के रूप में चयनित परीक्षा का माध्यमः- उर्दू ☐ हिन्दी ☐ अंग्रेजी ☐

2 द्वितीय भाषा का चयनः-(**कोई एक**) हिन्दी ☐ उर्दू ☐ अंग्रेजी ☐ अरबी ☐ संस्कृत ☐

रंगीन फोटो चस्पा करें और अध्ययन केन्द्र संचालक इसे प्रमाणित करें

3 अभ्यार्थी का नाम(हिन्दी में)- ....

4 अभ्यार्थी का नाम(अंग्रेजी में)- ....

5 पिता/पति का नाम(हिन्दी में)- ....

6 पिता/पति का नाम(अंग्रेजी में)- ....

7 माता का नाम- ....

8 पत्र-व्यवहार का सम्पूर्ण पता- ....

....

मोबाईल नंबर- ....

9 पिछली शैक्षणिक योग्यता- ....(यदि हो तो)

10 जन्म तिथि(DD/MM/YYYY)-..

आवेदक की आयु 01 जनवरी 2019 की स्थिति में 14 वर्ष पूर्ण होना आवश्यक है, यदि कोई प्रमाण हो तो संलग्न करें अथवा प्रमाण-पत्र नही होने की दशा में आयु के प्रमाणीकरण हेतु शपथ- पत्र नोटरी सहित संलग्न करें)

11 लिंग (कृपया चिन्हित करें)- बालक/पुरूष...........बालिका/महिला.............

12 अल्पसंख्यक धर्म- ....(केवल घोषित अल्पसंख्यक- **मुस्लिम, सिक्ख, क्रिश्चन, जैन, पारसी, बौद्ध मे से कोई एक**)

13 जातिः- सामान्य/अजा/अजजा/अन्य पिछडा वर्ग-..

अभ्यार्थी द्वारा चयनित माध्यम में दी गई टीप स्वयं लिखी जाए-

1. **मैं मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित पूर्व माध्यमिक मुक्त परीक्षा में सम्मिलित होना चाहता हूँ**

   ....

2. **I want to appear in Pre-Secondary Open Examination conducted by Madhya Pradesh Madarsa Board.**

   ....

3. میں مدھیہ پردیش مدرسہ بورڈ کی طرف سے منعقد اوپن مڈل امتحان میں شرکت کرنا چاہتا ہوں.

   ....

14 आवेदन फार्म के साथ कृपया निम्नलिखित दस्तावेज अवश्य लगायें-

14 (अ) सत्यापित जन्म प्रमाण- पत्र की छायाप्रति/ स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रती / अंकसूची की प्रमाणित प्रति **(इनमे से कोई एक)**

अभ्यार्थी के हस्ताक्षर